दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

———————————————————

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि भारत ने पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण विकास और सुशासन देखा है। पुद्दुचेरी में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि देश भ्रष्टाचार और कमजोर प्रशासन के एक युग से निकल कर पारदर्शी और जन–केंद्रित शासन में परिवर्तित हो गया है। डॉ. मुरुगन ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और सत्ताईस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं।

———————————————————

प्रदेश में पंचायती राज विभाग के तहत आठ हजार तिरानवे पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। ये सभी पद निम्वर्गीय लिपिक के होंगे। इसके अलावा कैबिनेट ने स्वास्थ्य विभाग में छत्तीस पदों पर नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। कैबिनेट ने सालों से अनुपस्थित रहने वाले सात चिकित्सकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। कैबिनेट ने महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापना स्थल के पास ही आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

———————————————————

प्रदेश में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत दस जिलों में एक हजार तीन सौ आठ जनजातीय परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया

जाएगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बिहार को इस योजना में शामिल किया है। उन्होंने बताया कि बांका, कैमूर, भागलपुर, गया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, नवादा, पूर्णिया और सुपौल जिले में विभिन्न जनजाति समुदाय के परिवारों को योजना में शामिल किया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि चिन्हित परिवारों को दो लाख रूपए की सहायता राशि चार किस्तों में उपलब्ध कराई जाएगी।

————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने सीवान के लकड़ी नबीगंज प्रखंड की गोपालपुर पंचायत के राजस्व कर्मचारी गिरीश देव तिवारी को पैंतीस हजार रूपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्वकर्मी एक जमीन के सत्यापन के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया गया। बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में गिरावट की संभावना है।

————————————————————

गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चक पहाड़ मुंजा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के कालीबाग थाना क्षेत्र के बुलाकी सिंह चौक के पास से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने दो कुख्यात अपराधियों आशीष पासवान और मोहम्मद सरफराज को गिरफ्तार किया है। दोनों पर जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

---

खगड़िया जिले के गंगौर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों अवैध हथियार के साथ फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक युवक प्रियांशु कुमार को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।